राजस्थान सरकार
मंत्रिमण्डल सचिवालय

क्रमांक प0 30(8)मं.मं./2019 जयपुर दिनांकः– 30/01/2020

परिपत्र

विषय :– राज्य सरकार के प्रशासनिक विभागों के वर्ष 2019–20 के प्रगति विवरण/प्रशासनिक प्रतिवेदन भेजने बाबत।

मंत्रिमण्डल सचिवालय के समसंख्यक परिपत्र दिनांक 17.12.2019 के अनुसार राज्य सरकार के समस्त विभागों/निगमों/बोर्ड/उपक्रमों द्वारा प्रगति विवरण/प्रशासनिक प्रतिवेदन आवश्यक रूप से तत्काल तैयार कर, न्यूनतम साईज की ग्रे–स्केल में PDF फाईल बनाकर पेन ड्राईव के साथ आगामी बजट प्रस्तुत करने के 7 दिवस पूर्व विधानसभा सचिवालय को 25 प्रतियों में मैन्युवली उपलब्ध कराने के साथ ही प्रतिवेदन की 5 प्रतियां वित्त (आय–व्ययक) विभाग, एक–एक प्रति सचिव, राज्यपाल एवं महालेखाकार, मा0 सांसदगण एवं एक प्रति इस सचिवालय को भी भिजवाये जाने हेतु लिखा गया था।

अतः कृपया उपरोक्तानुसार निर्धारित अवधि में वार्षिक प्रगति विवरण/प्रशासनिक प्रतिवेदन राजभाषा हिन्दी में ही भिजवाया जाना सुनिश्चित करावें।

कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करावें।

(भवानी सिंह देथा)
शासन सचिव

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–
1. सचिव, राज्यपाल, राजस्थान, जयपुर।
2. प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री, राजस्थान, जयपुर।
3. सचिव, राजस्थान विधान सभा, जयपुर।
4. वरिष्ठ उप सचिव, मुख्य सचिव, राजस्थान, जयपुर।
5. समस्त अतिरिक्त मुख्य सचिव/प्रमुख शासन सचिव/शासन सचिवगण।
6. समस्त विभागाध्यक्ष।
7. सचिवालय के समस्त अनुभाग/प्रकोष्ठ।
8. रक्षित पत्रावली।

30/1/2020
(कैलाश चन्द गुप्ता)
वरिष्ठ शासन उप सचिव